**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 02-10-2025**

- **डीआईजी बस्ती द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।**
- **सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को राष्ट्र की एकता, अखंडता, एवं कर्तव्यनिष्ठा की दिलायी गयी शपथ ।**

आज दिनांक 02.10.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर ससम्मान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर,श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तथा उपस्थित समस्त पुलिस कर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता तथा निष्ठापूर्वक कर्तव्य पालन की शपथ दिलायी गयी।

डीआईजी बस्ती द्वारा सभी को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांत तथा लाल बहादुर शास्त्री जी के "जय जवान, जय किसान" के मंत्र को आत्मसात कर सशक्त और विकसित भारत का निर्माण किया जा सकता है।सभी को सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने हेतु बताया गया।

इस अवसर पर परिक्षेत्रीय कार्यालय के समस्त शाखा के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**